कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।
Office of Divisional Forest Officer Kedarnath Wildlife Division, Gopeshwar.
one / Fax No-01372252149
Email- dfokedarnath@gmail.com

पत्रांकः– 4955/ 12–1 गोपेश्वर, दिनांक 22-5-2021

सेवा म,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय,
इन्दिरानगर फारेस्ट कालोनी,
देहरादून।

विषयः– जनपद चमोली के अन्तर्गत प्रस्तावित चोपडा– हरिशंकर मोटर मार्ग से चोपडा–नखोलियाणा पोखरी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.01 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– भारत सरकार का पत्रांक 8बी / यू0सी0पी0 / 06 / 75 / 2018 / एफ0सी0 / 1385 दिनांक 23–09–2019।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र द्वारा निर्गत सैद्वान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तो की अनुपालन आख्या अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पोखरी के पत्रांक 381 / 15सी0 दिनांक 27–02–2021 द्वारा बिन्दुवार आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराई गई है। अनुपालन आख्या निम्नानुसार 03 प्रतियों में संलग्न कर प्रेषित की जा रही है –

शर्त सं0 1– प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा ग्राम– तोणजी एवं विशाल में कुल 6.02 है0 भूमि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वन विभाग के पक्ष में जिलाधिकारी चमोली के पत्र संख्या 3293 / छब्बीस–14 (2020–2021) दिनांक 30 जनवरी 2021 द्वारा हस्तान्तरित की गयी है। **(छायाप्रति संलग्न)**

शर्त सं0 2– प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा भारत सरकार के पत्र सं0 5–3 / 17 एफ0सी0 दिनांक 05–02–2009 के तहत दिये गये आदेशानुसार क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि रू0 20,29,848.00 तथा शुद्ध वर्तमान मूल्य(एन0पी0वी0) की धनराशि रू0 19,77,570.00 कुल 40,07,418.00 / – ऑनलाइन चालान द्वारा जमा की गई है। **(छायाप्रति संलग्न)**

शर्त सं0 3– प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वचनबद्धता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।**(छायाप्रति संलग्न)**

शर्त सं0 4– प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा धनराशियों को वैब पोर्टल पर ऑनलाइन जनरेट किये गये चालान के माध्यम से जमा किया गया है।**(छायाप्रति संलग्न)**

शर्त सं0 5– प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा strip plantation का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

शुलभ संदर्भ हेतु अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पोखरी के पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि विषयांकित प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करे।

भवदीय

(अमित कंवर)
प्रभागीय वनाधिकारी
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।

संख्या 4955 /12-1 दिनाँकित

प्रतिलिपिः– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पोखरी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अमित कंवर)
प्रभागीय वनाधिकारी
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।